(4)

**वीडियो मिलने पर आयुक्त ने किया जुर्माना**

# तीन कर्मचारी सेवा से बर्खास्त, एक को किया निलंबित

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. निगम में लंबे समय से काम से नदारत कर्मचारियों को निगम आयुक्त ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। काटजू नगर रहवासी द्वारा कचरा सड़क पर डालने वाले व्यक्ति का वीडियो आयुक्त झारिया को डालने के बाद उस व्यक्ति पर अर्थदंड लगाया गया है जो गंदगी कर रहा था।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि लम्बे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित वार्ड 1 की महिला सफाई संरक्षक विमलाबाई-बाबु को निलंबित किया है। सफाई संरक्षक मनीष-मुकेश व हैल्पर जितेन्द्र-प्रहलाद व अभिषेक-विनोद बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित थे, इन्हें सेवा से बर्खास्त किया गया है। वार्ड 14 काटजू नगर (जीरो वेस्ट वार्ड) क्षेत्र में विनित अग्रवाल द्वारा कचरा डालने का गुप्त वीडियो आयुक्त झारिया को प्राप्त होने पर 500 रुपये का स्पॉट फाईन पर कचरा निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने की हिदायत दी गई।

## अनुपस्थित 44 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वच्छता अभियान अंतर्गत औचक निरीक्षण कार्य जारी किए हुए है। 44 कर्मचारी काम से नदारत मिले, जिनके एक दिन का वेतन काटने का निर्णय लेते हुए इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए है। वार्डो में बिना सूचना के 44 सफाई संरक्षकों द्वारा कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

पत्रिका। 21/3/2021

## अनुपस्थित 44 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारो झोन के वार्डो की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो में 19 मार्च शुक्रवार को बिना सूचना के 44 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डो की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ-सफाई नही पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

## अनुपस्थित 44 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारों झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में 19 मार्च शुक्रवार को बिना सूचना के 44 सफाई संरक्षकों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## महिला सफाई संरक्षक निलंबित

रतलाम। लम्बे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित वार्ड क्रमांक 1 की महिला सफाई संरक्षक विमलाबाई-बाबु को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निलंबित किया गया इसके अलावा वार्ड क्रमांक 1 के 30 दिवस सफाई संरक्षक मनीष-मुकेश व कचरा संग्रहण वाहन के हैल्पर जितेन्द्र-प्रहलाद व अभिषेक-विनोद जो कि लम्बे समय से बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित थे को सेवा से बर्खास्त किया गया।

**कोरोना की ऐसी रफ्तार** • इस लहर से ज्यादा खतरा, मार्च में अब तक 262 एक्टिव केस

# सिर्फ 8 दिन में प्रदेश के 4 शहरों को पीछे छोड़ टॉप-6 में आ गया रतलाम

## वैक्सीनेशन में पिछड़े : 1.79 लाख लोगों को लग जाना थी वैक्सीन, सिर्फ 44 हजार को ही लगी, 20% ने ही लगवाया है पहला डोज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना से यदि आप अब भी बेखौफ है तो... यह वक्त संभलने का है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारे शहर में कोरोना की बहुत तेज रफ्तार सामने आ रही है। सिर्फ 8 दिन में ही रतलाम प्रदेश में 10वें नंबर से 6वें नंबर पर आ गया है। टॉप-5 से अब हम सिर्फ कुछ कदम ही दूर है। एक्टिव केस भी 43 से 262 पर पहुंच गए हैं... यानी 474.42% बढ़ गए हैं।

जिले में कोरोना के मरीज लगातार सामने आ रहे हैं। शनिवार को 37 केस मिले हैं। 7 दिन में 206 मामले सामने आ चुके हैं। हमारा जिला 12 मार्च तक प्रदेश में 10वें नंबर पर था, जो 19 मार्च रात तक की स्थिति में 6वें नंबर पर आ गया है। रतलाम से पहले प्रदेश में पांचवें नंबर पर ग्वालियर है, दोनों शहरों में सिर्फ तीन केस का ही अंतर है। रतलाम के अलावा टॉप-6 में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन शामिल है। इधर लगातार बढ़ते केस के कारण बड़ी चिंता भी हो गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि, इस बार 70% केस बिना लक्षण वाले हैं। बिना लक्षण वालों को होम आइसोलेशन में रखा जा रहा है। इधर लक्षण वाले मरीजों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर रहे हैं। बिना लक्षण वाले मरीज कोरोना संक्रमण सबसे तेजी से फैलाते हैं क्योंकि, उन्हें भी नहीं पता होता कि वे पॉजिटिव हैं।

## गांव-गांव पहुंची वैक्सीन... जरूरत जागरुकता की, 15% गांवों में 20% ने लगवाए टीके

इधर, अच्छी बात यह है कि अब कोरोना की वैक्सीन ज्यादातर गांवों में भी पहुंच गई है। शनिवार को जिले में 81 केंद्रों पर लोगों को टीके लगाए गए। हालांकि, टीकाकरण सिर्फ 40% ही हुआ है। इधर, वैक्सीनेशन में अभी हम पीछे ही हैं, क्योंकि अब तक कुल 1.79 लाख लोगों को वैक्सीन लग जानी थी, इसका लक्ष्य भी तय था, लेकिन सिर्फ 44 हजार लोगों को ही वैक्सीन लग सकी है।

### 5 केंद्रों में 100 प्रतिशत से ज्यादा टीकाकरण

जिले में शनिवार को 5 केंद्रों में 100 प्रतिशत से ज्यादा टीकाकरण हुआ। इनमें तीन जावरा व दो आलोट के केंद्र हैं। वहीं दो केंद्रों पर 90 प्रतिशत से ज्यादा और एक केंद्र पर 84 प्रतिशत लोगों ने वैक्सीन का डोज लिया।

भास्कर

### यहां सबसे कम टीकाकरण

| केंद्र | प्रतिशत |
|---|---|
| डेलिल (बाजना) | 9% |
| चावलाखेड़ी (सैलाना) | 7% |
| खारवाकला (आलोट) | 5.71% |
| बाजना | 5.14% |
| माकोंडियारुंडी (सैलाना) | 4% |
| रतनगढ़पीठ (बाजना) | 4% |
| भामट (सैलाना) | 2% |

### 8 दिन में मिले पॉजिटिव

| दिनांक | पॉजिटिव |
|---|---|
| 13 मार्च | 24 |
| 14 मार्च | 21 |
| 15 मार्च | 25 |
| 16 मार्च | 29 |
| 17 मार्च | 29 |
| 18 मार्च | 39 |
| 19 मार्च | 39 |
| 20 मार्च | 37 |

### बिना लक्षण वाले केस चिंता का विषय

▪ बिना लक्षण वाले केस ज्यादा मिल रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि पॉजिटिव घूमता रहता है। क्योंकि वह स्वस्थ महसूस करता है। लेकिन, किसी दूसरे को आसानी से संक्रमित कर सकता है। कई लोग जांच करवाने नहीं पहुंचते। इसलिए... मास्क, सैनिटाइजर और सामाजिक दूरी बहुत जरूरी है।

**डॉ. गौरव बोरिवाल**, एपेडेमियोलॉजिस्ट,

### यहां आने वाले केस पिछली बार की तरह

▪ हमारे डॉक्टरों से इस बारे में लगातार चर्चा हो रही है। हालांकि, कॉलेज में आने वाले सीरियस केस पिछली बार की तरह ही है, अब तक कोई बड़ा अंतर सामने नहीं आया है। लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। समय पर जांच करवाने पहुंचे।

**डॉ. जितेंद्र गुप्ता**, अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज, रतलाम

दै. भास्कर 21/03/2021

5

नईदुनिया २१/०३/२०२१

## नगर निगम के ट्रैक्टर की बैटरी चोरी का प्रयास

रतलाम। नगर निगम परिसर में गणेश मंदिर के पीछे 18 मार्च की रात 9 से 9:15 बजे, अज्ञात व्यक्ति ने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी43 एसी 1376 की बैटरी चुराने का प्रयास किया। वहां मौजूद फायर अमले के कर्मचारी लोकेंद्रसिंह, दिनेशसिंह ने उसे देखा तो और पकड़ने का प्रयास किया तो वह भाग निकला। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने नगर निगम के लिपिक 40 वर्षीय भूपेंद्रसिंह पुत्र कांतिलाल चौहान निवासी सुदामा परिसर की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 379, 511 में प्रकरण दर्ज किया है।

नईदुनिया

## नगर निगम में ट्रैक्टर से बैटरी चुराने का प्रयास

रतलाम. नगर निगम परिसर में खड़े पुराने ट्रैक्टर की बैटरी चुराने का गुरुवार की सुबह एक युवक ने असफल प्रयास किया। निगम के लिपिक भूपेंद्र ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि गुरुवार करीब नौ बजे निगम परिसर में खड़े ट्रैक्टर एमपी 43एसी1376 की बैटरी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले जाने का प्रयास कर रहा था। फायरमैन लोकेंद्रसिंह एवं रितेश सिंह ने युवक को चोरी करते देखा तो उसे पकड़ने के लिए दौड़े किंतु आरोपी नाले को फांद कर भाग निकला। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

(8)

# जिला अस्पताल की ट्रामा यूनिट में गंदगी, संक्रमण खतरा



जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर के बाहर फैल रही गंदगी। •नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला अस्पताल की ट्रामा यूनिट में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। यहां मरीजों को भर्ती कर हर दिन डाक्टर आपरेशन भी कर रहे हैं, लेकिन सुविधाओं की कमी है। सबसे बड़ी कमी साफ-सफाई की है। भवन के आसपास गंदगी का ढेर लगा है। इससे मरीजों के साथ उनके स्वजन और ट्रामा सेंटर का स्टाफ भी परेशान है।

गंभीर बात यह है कि इतनी बड़ी यूनिट में शौचालय की सुविधा नहीं है, जिससे कर्मचारी परेशान रहते हैं। मरीजों के लिए बने शौचालय गंदे होने से मरीज भी उपयोग नहीं करते। ट्रामा सेंटर के लिए जनरेटर खरीदे गए, लेकिन चालू नहीं हो पाए। सफाई व्यवस्था ठेके पर चल रही है जो ध्यान नहीं दे रहा है।

### ड्रेनेज के पाइप खुले छोड़े

सेंटर से शौचालय के पानी के पाइप भी टैंक तक ले जाने की बजाए खुले में ही छोड़ दिए गए है। इससे गंदा पानी पूरे परिसर में फैल रहा है। भवन के आसपास गंदगी व कचरा जमा होने से दिन भर बदबू आती है।

सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर ने बताया कि सफाई तो हो रही है। अगर ठेकेदार लापरवाही कर रहा है तो कार्रवाई करेंगे। जब भी मुझे जानकारी मिली, समस्या का निराकरण कराया है। पीछे दीवार की ओर से बाहर के लोग कचरा फेंक देते हैं, शायद वहीं इकट्ठा होगा।

नईदुनिया 21/03/2021

9

# 44252 लोगों को टीके लगे इनमें 20272 बुजुर्ग शामिल

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में अब तक 44252 लोगों ने टीका लगवाया, जिसमें सर्वाधिक 20272 बुजुर्ग शामिल हैं। 36179 को पहला और 8054 को दूसरा डोज लगा है। 179085 के लक्ष्य पर आधे से अधिक लोग केंद्रों तक नहीं पहुंचे जिसमें कारण उपलब्धि कम रही है।




शनिवार को शहर से गांव तक 81 केंद्रों में टीकाकरण किया गया। 13380 के एक दिन के लक्ष्य पर 5361 को टीका लगाया गया। सभी केंद्रों में लक्ष्य से काफी कम टीकाकरण हुआ, जबकि सुबह से शाम तक केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग का अमला टीकाकरण के लिए इंतजार करता है।

21/03/21

# मीरा कुटी गांधी नगर की महिला ने दम तोड़ा

## 685 रिपोर्ट में 37 लोग कोरोना पाजिटिव मिले

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण लगातार पैर पसार रहा है। शनिवार को शहर के मीरा कुटी गांधी नगर निवासी 84 वर्षीय महिला ने दम तोड़ दिया।



महिला को 18 मार्च को कोविड केयर सेंटर में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान 19 मार्च की देर रात मौत हो गई। शनिवार की सुबह मृत घोषित किया गया। 685 रिपोर्ट में 73 पाजिटिव मिले और 21 मरीज स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज हुए। संक्रमितों की संख्या 4783 पहुंच गई है। इनमें 4436 स्वस्थ हुए और 85 की मौत हो चुकी है। मार्च के 20 दिन में 365 नए मरीज मिले हैं। 117 स्वस्थ हुए और तीन की मौत हुई हैं। एक्टिव मरीजों की संख्या 262 पहुंच गई है। इस महीने 12 दिन के भीतर तीन मौत हुई।

# शुक्रवार को भी पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 39 आया

रतलाम ● मेडिकल बुलेटिन के अनुसार शुक्रवार को 39 पॉजिटिव संक्रमित मरीजों की रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज से जारी हुई। यही आंकड़ा गुरुवार को भी आया था। इस तरह अभी तक पॉजिटिव आए मरीजों की संख्या 4 हजार 746 हो गई है। संदिग्ध केसों की जांच का आंकड़ा 87 हजार 448 तक पहुंच गया है। बुलेटिन के अनुसार कंटेनमेंट एरिये में कुल सर्वे की संख्या 46 हजार 793 है तथा कंटेनमेंट एरिये की संख्या 267 तक पहुंच गई है। जिले में कोरोना से मरने वाली संख्या 84 है। मेडिकल कॉलेज से अभी भी 741 सैम्पल की रिपोर्ट आना शेष है। एक्टिव पॉजिटिव मरीजों की संख्या 247 है जो उपचारार्थ भर्ती है। शुक्रवार को 14 पॉजिटिव मरीजों को ठीक होने पर मेडिकल कॉलेज से डिस्चार्ज किया गया। भास्कर

नईदुनिया
21/03/2021

(7)

# बैंक कॉलोनी की सड़क पर गड्ढे


भास्कर संवाददाता | रतलाम

बैंक कॉलोनी की सड़क गत दो वर्षों से खराब है। यह सड़क फोरलेन योजना में शामिल है लेकिन फिलहाल डीआरएम ऑफिस तक सड़क बनकर काम रुक गया है। यह काम पिछले आठ महीने से बंद है। ठेकेदार कंपनी ने दो बत्ती के आगे काम नहीं शुरू किया है और प्रशासन बैंक कॉलोनी की जर्जर सड़क पर पैचवर्क कर ही गत दो-तीन सालों से काम चला रहा है। यहां पर करीब दो महीने पहले ही पैचवर्क किया गया था लेकिन अब वापस स्थिति खराब हो गई है। गत वर्ष इस रोड पर एक छात्र की हादसे में मौत हो गई थी। इस रोड पर मित्र निवास से बड़े वाहनों का भी दबाव रहता है जो सीधे महू रोड से आते हैं। इस कारण यह सड़क बार-बार उधड़ जाती है। रहवासियों ने इस सड़क की सुध लेने की मांग की है ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति को बचा जा सके।

भास्कर

दै. भास्कर 21/03/2021

# दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन, किया विरोध



रतलाम. विदिशा सरपंच वाल्मीकि संतराम व सोनू डागर वाल्मीकि की असामाजिक तत्वों द्वारा हत्या करने के मामले में दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को मध्यप्रदेश महावाल्मीकि पंचायत एवं समस्त हिन्दू समाज के नेतृत्व में समाजजनों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इसमें मध्यप्रदेश वाल्मीकि पंचायत द्वारा मांग की गई हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा को लेकर फास्ट ट्रेक कोर्ट में केस चलाया जाए व सीबीआई जांच कराई जाए। अगर प्रशासन द्वारा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं की गई, तो मप्र वाल्मीकि पंचायत द्वारा एवं पूरे प्रदेश के वाल्मीकि समाज द्वारा सफाई व्यवस्था भंग कर दी जाएगी जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान मध्यप्रदेश महावाल्मीकि पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष राहुल निधाने, प्रदेश महामंत्री पुखराज बिड़वाल, राजेश कटारिया, राम बाबू, रवि निधाने, राघव त्रिवेदी, मनोज शर्मा, जनक नागल, मयूर पुरोहित, राहुल सोनी, सुनील रोतेला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पत्रिका

## बकाया वसूली शिविर कल

रतलाम। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों को जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर की लगाए जा रहे है। शिविर 27 मार्च तक लगेंगे। शिविरों में नागरिक नगर निगम के बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त, भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे।

प्रसारण

(6)

# पोलोग्राउंड टंकी से शाम को हुआ जल वितरण

रतलाम। विद्युत आपूर्ति बाधित होने व इंटकवेल से फाल्ट के चलते शहर में जलवितरण का क्रम गड़बड़ा रहा है। शुक्रवार को शहर के कई हिस्सों में जलवितरण में समस्या आई वहीं शनिवार को भी पोलोग्राउंड टंकी से कुछ हिस्सों में शाम को जलवितरण किया गया।

स्टेशन रोड, दिलबहार चौराहा, गीतामंदिर, डाट की पुल, छत्रीपुल क्षेत्र में सुबह सप्लाई होना थी, लेकिन तय समय से करीब डेढ़ घंटे बाद निगम से सूचना प्रसारित कराई गई कि जल वितरण शाम को होगा। इससे लोग परेशान होते रहे। जनशक्ति संयोजक राधावल्लभ खंडेलवाल ने बताया कि सुबह छह बजे जलवितरण का समय था, लेकिन 8:30 बजे सूचना दी गई कि सप्लाई देर से होगी। सूचना प्रसारित करने में भी लापरवाही की गई। एक मार्च को भी यही समस्या आई थी। इस संबंध में कलेक्टर, निगमायुक्त, जलप्रदाय अधिकारी को भी संदेश भेजकर अनुरोध किया था कि जलवितरण में देरी की सूचना सही तरीके से समय पर दें, जिससे लोग परेशान नहीं होंगे। एक दिन छोड़कर भी जलवितरण ठीक से नहीं हो रहा है। नईदुनिया


नईदुनिया 21/03/2021

## न जल प्रदाय हुआ और ना स्पष्ट एनाउंसमेंट

**रतलाम** ● नगर के स्टेशन इलाके में शनिवार को भी जलप्रदाय समय पर नहीं हुआ, ढाई घंटे से अधिक प्रतीक्षा करवाने के बाद नगर निगम ने एनाउंसमेन्ट किया वो भी ऐसा कि खुद ही बोले खुद ही सुने। सुबह 6 बजे होने वाला जल प्रदाय समय पर नहीं हुआ, 8.30 बजे बाद एनाउन्समेन्ट हुआ कि जलप्रदाय सायंकाल होगा। जनशक्ति संयोजक राधावल्लभ खण्डेलवाल ने बताया कि सूचना के अभाव में ढाई घंटे तक नागरिक परेशान होते रहे, नल की तरफ टकटकी लगाकर देखते रहे कि न जाने कब जलप्रदाय शुरू हो जाए। आज भी एनाउन्समेन्ट ऐसा हुआ कि बराबर समझ में नहीं आया, धीमी एवं अस्पष्ट आवाज में हुआ। श्री खण्डेलवाल ने बताया कि ऐसा ही 1 मार्च को भी हुआ था कि जलप्रदाय देरी से होने की सूचना समय पर नहीं दी गई तब निगम के जवाबदार अधिकारियों को नागरिकों की परेशानी के संदर्भ में सचेत किया किन्तु फिर भी आज वे अचेत रहे। स्वदेश

आयुक्त के नए फरमान से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप

# गंदगी मिली तो जोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्रवाई



पत्रिका में प्रकाशित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम के आयुक्त सोमनाथ झारिया के एक आदेश से निगम के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप हो गया है। आयुक्त के फरमान को शुक्रवार को सफाई कर्मचारियों द्वारा आंदोलन की दी गई चेतावनी से जोड़कर देखा जा रहा है। आयुक्त ने आदेश जारी किया है कि शहर में रविवार से किसी भी क्षेत्र में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध कार्यवाही होगी।

बता दें कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे कई कर्मचारियों के संगठन ने शुक्रवार को आयुक्त के नाम दिए ज्ञापन में कहा है कि 48 घंटे में अनुकंपा नियुक्ति नियम अनुसार नहीं दी गई तो वे सोमवार से चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। इस आंदोलन की रुपरेखा बनाने को शनिवार को संगठन की बैठक भी हुई। इसमे निर्णय लिया गया कि धरना व प्रदर्शन के अतिरिक्त जिन परिवार के सदस्यों को अब तक अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिली है उनके लिए प्रत्येक दिन शहर के अलग-अलग मोहल्लों से एक एक रुपए रोटी व बच्चों की शिक्षा के लिए मांगा जाएगा। इसकी शुरुआत नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निवास से की जाएगी। जो परिवार एक रोटी व एक रुपए नहीं देगा वहां बगैर विवाद किए अगले घर की और रुख किया जाएगा। पत्रिका।

## यह जारी किया आदेश

नगर निगम आयुक्त झारिया ने जो आदेश जारी किया है उसके अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। आदेश के बाद से ही निगम के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप है।

## काम तो करना होगा

वेतन लेते है तो काम तो करना होगा। शहर के प्रत्येक नागरिक से अपील है वो स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में बेहतरी के लिए अपना योगदान दें। **- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 21/03/21

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

प्रसारण

**रतलाम।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाए जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है, वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें। यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है, तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

प्रसारण 21/03/21

जा रही थी।

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा के विरुद्ध होगी कार्यवाही

**रतलाम।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। अवन्तिका।

अवन्तिका 21/3/21

(२)

# कचरा पृथक्कीकरण हेतु नागरिक एवं दुकानदरों को रखना होंगे 4 डस्टबीन

**प्रसारण न्यूज़ * रतलाम**

- खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालो पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी
- अतिक्रमण व गंदगी करने पर होगा जुर्माना

नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के तहत कचरा पृथक्कीकरण हेतु 4 डस्टबीन नहीं रख रहे है व दुकानों के सामने गंदगी व अतिक्रमण कर रहे, उन पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

नगरीय क्षेत्र रतलाम के दुकानदार अपनी दुकानों में गीले कचरे अर्थात किचन में बनी हुई खाद्य सामग्री, फल-सब्जी के छिलके, घांस व पेड़ की पत्तियां, राख, चाय पत्ती, बचा हुआ खाना आदि के लिए हरा डस्टबीन, सूखा कचरा अर्थात पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शाल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टुटे खिलौने, प्लास्टिक आदि के लिए नीला डस्टबीन, घरेलू हानिकार कचरे के लिए पेन्ट के डिब्बे, पेस्टीसाइड के डिब्बे, सी एफ एल, ट्यूब लाईट, थर्मामीटर, बैटरी आदि के लिए काला डस्टबीन तथा मेडिकल वेस्ट अर्थात् सेनेटरी नेपकीन, डायपर, सुई, सिरीज, मास्क, ग्लब्स, पीपीई कीट आदि के लिए पीला डस्टबीन रखकर अपने घरों एवं दुकानो तथा प्रतिष्ठनों में ही कचरे का पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालकर कचरा पृथक्कीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। जो नागरिक या दुकानदार उक्तानुसार कचरे का पृथक्कीकरण नहीं करेगा व खुले में कचरा डालने वालो पर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी।

नागरिक एवं दुकानदार खुले में कचरा डालेंगे तो उन पर भी नगर निगम अमले द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे सी सी टी वी कैमरों के माध्यम से खुले में कचरा डालने व गंदगी करने वालों पर कन्ट्रोल रूम पर निगरानी रखी जा रही है। नगर निगम की टीम संबंधित के घर एवं दुकानों पर जाकर 5000-5000 हजार का जुर्माना करेगी।

प्रसारण

प्रसारण 21/03/2021

# खुले में कचरा डालने पर विनित अग्रवाल पर 500 रूपए का जुर्माना

**प्रसारण न्यूज़ * रतलाम**

नगर के ऐसे नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है, ऐसे व्यक्तियों के गुप्त वीडियो निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को प्राप्त हो रहे है, जिसके तहत नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधित के घर-दुकान जाकर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है। खुले में कचरा डालने वालों के वीडियो प्राप्त होने पर की जा रही कार्यवाही के तहत वार्ड क्रमांक 14 काटजू नगर (जीरो वेस्ट वार्ड) क्षेत्र में विनित अग्रवाल द्वारा खुले में कचरा डालने का गुप्त वीडियो निगम आयुक्त झारिया को प्राप्त होने पर स्पॉट फाईन दल को वीडियो की जांच करने हेतु निर्देशित किया।

स्पॉट फाईन दल ने स्थल पर पहुंचकर वीडियो की जांच की व वीडियो सही पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबंधित का 500 रूपए का स्पॉट फाईन पर कचरा निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त झारिया ने नागरिकों से अपील की है कि नगर के अधिकांश वार्डो को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जा चुका है, ऐसे में अगर कोई नागरिक खुले में कचरा डालकर गंदगी करता है, तो उसका वीडियो बनाकर मुझे भेजें, ताकि गंदगी करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके।

जुर्माने की कार्यवाही उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किए जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

**महिला सफाई संरक्षक निलंबित व 3 कर्मचारी सेवा से बर्खास्त:** लम्बे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित वार्ड क्रमांक 1 की महिला सफाई संरक्षक विमलाबाई-बाबू को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा निलंबित किया गया, इसके अलावा वार्ड क्रमांक 1 के 30 दिवस सफाई संरक्षक मनीष-मुकेश व कचरा संग्रहण वाहन के हैल्पर जितेन्द्र-प्रहलाद व अभिषेक-विनोद जो कि लम्बे समय से बिना सूचना के लगातार अनुपस्थित थे को सेवा से बर्खास्त किया गया।

प्रसारण

प्रसारण 21/03/2021

1

नगर के 18 वार्डों में चल रहा है जीरो वेस्ट का कार्य

# जीरो वेस्ट की तरफ बढ़ते कदम, पर आसान नहीं नंबर एक पर आना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नंबर एक पर देशभर में आने के लिए कवायद कर रहा नगर निगम जीरो वेस्ट की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि नंबर एक पर आना आसान नहीं है, क्योंकि अब भी कई मामलों में निगम सफलता से दूर है। शहर में 49 वार्ड में से अब तक 16 वार्ड को जीरो वेस्ट बना दिया है, लेकिन 31 मार्च तक सभी 49 वार्ड में इस उपलब्धी को पाने की राह आसान नहीं है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि जीरो वेस्ट बनाये जाने के तहत वार्ड 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 33, 34, 35, 39, 41 व 44 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया गया है। जीरो वेस्ट वार्ड 1, 3, 7, 8, 14, 17, 18, 19, 20, 29, 32, 33, 34, 35, 36, 39, 41 व 44 में 2-2 कचरा संग्रहण वाहन बिना हेल्पर के



पहुंचे। यहां पर आमजन ने सुखा व गिला कचरा अगल-अलग डाला है। इनके अलावा शहर में अनेक वार्ड इस प्रकार के है जहां पर अब तक कचरा वाहन नहीं पहुंच पा रहा है। इतना ही नहीं, कुछ मोहल्लो में तो उपरी मंजील पर रहने वाले जब तक कचरा लेकर आते है, तब तक कचरा संग्रहण वाहन आगे चले जाता है। ऐसे में रहवासी मोहल्ले में ही कचरा डालने को मजबूर है।

गंदगी का मुख्य कारण है पॉलीथीन इसलिये 50 माईक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथीन को पूर्णत: बंद किया जाना है। सभी वार्ड पर्यवेक्षक, दरोगा, स्पॉट फाईन दल को कहा गया है कि भण्डारण कहां होता है व विक्रय कौन कौन करता है जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित की पॉलीथीन जब्त की जाकर फुटकर व्यवसायियों पर 50 व दुकानदारों पर 5000 रुपए का स्पॉट फाईन किया जाये।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 21/03/2021